7.1.8 Newspaper Clips

पुलिस निरीक्षक प्रकाश पवार की टीम द्वारा की गई.

फीट, जो 9 फीट है वह 12 फीट करने की बात कही गई.

सावित्रीबाई विवि के छात्रों को प्रथम स्थान

राष्ट्रीय महिला अंतर-विश्वविद्यालय टेनिस टूर्नामेंट

■ कल्याण, (सं). मुंबई विश्वविद्यालय मुंबई और बीके बिड़ला कॉलेज, कल्याण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय महिला अंतर-विश्वविद्यालय टेनिस टूर्नामेंट ओलंपिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पलावा-डोंबिवली में आयोजित किया गया. 5 राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी रही. इस प्रतियोगिता के उद्घाटन पर कल्याण डोंबिवली मनपा की आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं. मुख्य अतिथि का बिड़ला कॉलेज के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेशचंद्र द्वारा विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया.

एल. एन ग्वालियर की छात्राओं ने मारी बाजी

इस अवसर पर मुंबई विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. मोहन अमरुले, नाइट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, खेल निदेशक अनिल तिवारी, वाई. डी. बागराव एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे. तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में पुणे की सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रोचक मुकाबले के बाद पहला स्थान हासिल किया. दूसरी रैंक मुंबई यूनिवर्सिटी, मुंबई और तीसरी रैंक एल. एन. ग्वालियर की छात्राओं ने बाजी मारी. इस प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि बिरला कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुबोध दवे, डा. नरेश चंद्रा और डॉ. मोहन अमरूले की उपस्थिति में हुआ. इस कार्यक्रम का आयोजन तुषार लोंढे, जितेन्द्र शैनी, प्रो. गणेश कुमावत, डा. अभिजीत रावल, डॉ. दिनेश वनुले, डॉ. नारायण तोतेवाड, रेवती हंसवाडकर, निश्मिता राणा, जयवंत माने, आकांक्षा ठाकुर, सरोज अयंगर और अक्षय, वैभव आदि ने संभव बनाया.

9 राज्य, 18 संस्करण मुंबई, पुणे, रांची, लखनऊ, कोलकाता, जयपुर, ग्वालियर, नई दिल्ली, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, रतलाम, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जालंधर, से एक साथ प्रकाशित | मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष-9, अंक 44, पृष्ठ- 10 महानगर संस्करण | D-live NewsTV www.dabangdunia.co

दैनिक दबंग दुनिया

मुंबई, शुक्रवार, 3 सितंबर 2021

निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर

देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

सुविचार

सफलता पानी है तो सबसे पहले खुद पर विश्वास करना सीखना होगा।

अंदर पढ़ें

पेज 08

बिडला कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

दबंग रिपोर्टर, कल्याण। राष्ट्रीय खेल दिवस पर कल्याण के बी. के.बिड़ला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बिड़ला महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में भारत सहित दूसरे देशों के 48 खेल-प्रेमियों ने हिस्सा लिया और खेल से सम्बंधित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 350 से अधिक लोगों ने भाग लिया। बतादें कि बिड़ला महाविद्यालय इस वर्ष अपनी स्थापना दिवस को स्वर्ण जयन्ती वर्ष के रूप में मना रहा है। बताया जाता है कि इसी साल महाविद्यालय के संस्थापक बसंत कुमार बिड़लाजी का जन्मशताब्दी वर्ष भी है। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.बलजीत सिंह सेखोन और सुबोध तिवारी मौजूद थे। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ.नरेशचन्द्र ने कहा कि आज खेल को भी पाठ्यक्रम का प्रमुख अंग बनाने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अविनाश पाटील ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी के आयोजक एवं नाइट कॉलेज के प्राचार्य डॉ.हरीश दुबे ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिवादन किया। संगोष्ठी में देश-विदेश से चर्चा के लिए उपस्थित अतिथियों ने खेल को बढ़ावा देते हुए इसे पाठ्यक्रम में शामिल करने पर बल दिया।

लोकमत

आरोग्य शिबिराला प्रतिसाद

लोकमत न्यूज नेटवर्क

कल्याण : बिर्ला महाविद्यालय आणि खासगी रूग्णालयाच्या वतीने मोफत आरोग्य तपासणी शिबिर झाले. रक्तदाब, कॅल्शियम तपासणी, मधुमेह, ई.जी.सी. व डोळे आदी तपासण्या केल्या. दोनशे नागरिकांची यावेळी तपासणी केली.

उद्घाटन महाविद्यालयाचे शिक्षण संचालक डॉ. नरेश चंद्र, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील आणि डॉक्टर मीनू, विशाल आणि माधवी वरिक यांच्या उपस्थितीत झाले. उपप्राचार्य डॉ. मणिंदर धालीवाल, प्रा. रघुनाथ पाटील, शुभांगी चिटणीस यांनी सहकार्य केले.

Hello Thane
Page No. 4 Feb 12, 2024
Powered by: erelego.com

दैनिक
यशोभूमि

बिड़ला महाविद्यालय में वार्षिक खेल पांच दिवसीय ऊर्जा उत्सव संपन्न

कल्याण। प्रतिनिधि

कल्याण पश्चिम स्थित बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के शारीरिक शिक्षण एवं खेल विभाग द्वारा वार्षिक खेल 'पांच दिवसीय ऊर्जा उत्सव' का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार की खेलो इंडिया मुहिम को बढ़ावा देने और छात्रों को खेल के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से आयोजित इस ऊर्जा उत्सव में लगभग ढाई हजार छात्रों की सहभागिता रही। जिनमें चार सौ छात्रों को पुरष्कृत किया गया। इस आयोजन में कबड्डी, हॉकी, फुटबाल, रग्बी जैसी सामूहिक खेलों के साथ-साथ दौड़, गोलाफेंक और चेस जैसे कुल चौदह खेल शामिल थे। इस पाँच दिवसीय उत्सव का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र ने युवा पीढ़ी के सम्पूर्ण विकास के लिए खेल को पाठ्यक्रम का एक महत्त्वपूर्ण अंग बनाने की बात कही।

प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील ने देश के विकास के लिए युवाओं के स्वस्थ होने की आवश्यकता पर जोर दिया जिसमें खेलों की विशेष भूमिका हो सकती है।

रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे द्वारा भी खेल को बढावा देने की बात कही गई। इस उत्सव के आयोजक प्रा. अनिल तिवारी ने सभी अतिथियों और सभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ये लोग थे उपस्थित

बड़ी संख्या में छात्रों की इस सहभागिता और उत्सव के आयोजन में वाई. डी. बागराव, डॉ. दत्ता क्षीरसागर, रेवती हंसवाडकर, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. नारायण तोटेवाड़, सूरज अग्रवाल, डॉ. निष्मिता राणा, डॉ. अभिजीत रावल, प्रा. अर्नाल्ड जैथन्ना, वैभव पवार सहित शुभम एवं अक्षय आदि की विशेष भूमिका रही।

13 Feb 2024 - Page 2

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, रायगढ, पालघर का
आपका अपना अखबार....
हमारी रफ्तार
संपादक - शेख तनवीर अहमद मोहसुन
अंक 220 दैनिक, अंबरनाथ, मंगलवार दि. 13/02/2024 पृष्ठ 4 मूल्य 2 रुपये RNI NO. MAHHIN/2014/56388 Post Reg. NO.THC/

बिड़ला महाविद्यालय में वार्षिक खेल - ऊर्जा उत्सव संपन्न

संवाददाता. कल्याणः– कल्याण पश्चिम स्थित बी. के. बिडला महाविद्यालय, कल्याण के शारीरिक शिक्षण एवं खेल विभाग द्वारा वार्षिक खेल दृ 'पाँच दिवसीय ऊर्जा उत्सव' का आयोजन किया गया। कॅंद्र सरकार की खेलो इंडिया मुहिम को बढ़ावा देने और छात्रों को खेल के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से आयोजित इस ऊर्जा उत्सव में लगभग ढाई हजार छात्रों की सहभागिता रही। जिनमें चार सौ छात्रों को पुरष्कृत किया गया। इस आयोजन में कबड्डी, हॉकी, फुटबाल, रग्बी जैसी सामूहिक खेलों के साथ–साथ दौड़, गोलाफेंक और चेस जैसे कुल चौदह खेल शामिल थे। इस पाँच दिवसीय उत्सव का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र ने युवा पीढी के सम्पूर्ण विकास के लिए खेल को पाठ्यक्रम का एक महत्त्वपूर्ण अंग बनाने की बात कही। प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील ने देश के विकास के

लिए युवाओं के स्वस्थ होने की आवश्यकता पर जोर दिया जिसमें खेलों की विशेष भूमिका हो सकती है। रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे द्वारा भी खेल को बढावा देने की बात कही गई। इस उत्सव के आयोजक प्रा. अनिल तिवारी ने सभी अतिथियों और सभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया । बड़ी संख्या में छात्रों की इस सहभागिता और उत्सव के आयोजन में वाई. डी. बागराव, डॉ. दत्ता क्षीरसागर, रेवती हंसवाडकर, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. नारायण तोटेवाड़, सूरज अग्रवाल, डॉ. निष्मिता राणा, डॉ. अभिजीत रावल, प्रा. अर्नाल्ड जैथन्ना, वैभव पवार सहित शुभम एवं अक्षय आदि की विशेष भूमिका रही।

नुक्कड़ नाटक के जरिए मनाई 150 वीं जयन्ती

शान्ति रथ यात्रा ने दिया है अहिंसा का पावन संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कल्याण. गांधी अध्ययन केंद्र ने महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर शान्ति रथ यात्रा का आयोजन किया। सुभाष मैदान से प्रारंभ इस यात्रा में दर्ज़नों शैक्षणिक संस्थाओं नें भाग लिया।

कई किलोमीटर की इस शान्ति यात्रा में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए सत्य और अहिंसा का सन्देश दिया। शान्ति रथ यात्रा में स्वच्छता और बापू के सिद्धांतों वाले पोस्टर, बैनर लिए विद्यार्थियों के आगे-आगे ट्राफिक पुलिस के जवान, उसके पीछे बिड़ला साईकल क्लब के सदस्य और बांसुरी पर बापू के भजनों की प्रस्तुति करते कलाकारों से सजी लोगों की लम्बी पंक्तियां पूरे क्षेत्र को गांधीमय बना रही थीं। यात्रा का समापन बिड़ला महाविद्यालय के प्रांगण में सत्य और स्वच्छता को अपने जीवन का अंग बनाने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ। इस अवसर पर केडीएमसी के आयुक्त गोविन्द बोडके, ओ.आर.चितलांगे, सुबोध दवे, संतोष चितलांगे, डॉ. नरेश चन्द्र, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटिल, प्राचार्या डॉ.स्वप्ना समेल, डॉ.अर्चना सिंह और डॉ. हरीश दुबे समेत बिपिन वाडेकर, डॉ. मनप्रीत कौर, अनिल तिवारी, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. धीरज शेखावत, डॉ. नारायण टोटेवाड, नितिन बर्वे, डॉ. विजय जाधव, डॉ. वृंदा निशानदार, डॉ. सन्देश जायभाए, सुषमा फडके, गणेश कुमावत, आरती मोरे, कपिल, आकांक्षा आदि मौजूद थे।

जागरूक टाइम्स
मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
www.jagruktimes.co.in
वर्ष-19 ► अंक-68 मुंबई, सोमवार 3 अक्टूबर 2022 ► मुंबई ► पृष्ठ 12 ► मूल्य ₹4

कल्याण : बिड़ला महाविद्यालय ने निकाली शांति यात्रा

कल्याण। बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित गांधी अध्ययन केंद्र द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्मतिथि-अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर शान्ति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील, वरिष्ठ पत्रकार अन्ना बेतावटकर, डॉ. हरीश दुबे और उप प्राचार्य विपिन चन्द्र वाडेकर एवं उप प्राचार्य आईजेक जेरी द्वारा बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने युवा पीढ़ी को बापू के सिद्धांतों को जीवन में अंगीकृत करने की प्रेरणा दी। गांधी अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. अर्चना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन डॉ. धीरज शेखावत, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. नारायण तोटेवाड, डॉ. बृंदा निशानदार, अनिल तिवारी, डॉ. सुवर्णा जाधव, डॉ. भरत बागुल, डॉ. मेघा देवले, डॉ. प्रकाश संसारे, डॉ. आनंद धर्माधिकारी, प्रा. गणेश कुमावत, के. एच. डोंगरे, किरण रायकर, प्रा. भूषण निकम और प्रा. ज्योति थोरात और अखिलेश आदि प्राध्यापकों के अथक सहयोग से संपन्न हुआ।

भारत संवाद
...क्रांतिबीज
मुंबई और प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
www.bharatsamvad.in

बिड़ला महाविद्यालय द्वारा शान्ति यात्रा का आयोजन

भारत संवाद संवाददाता

महात्मा गाँधी की जन्मतिथि - अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण द्वारा शान्ति यात्रा का आयोजन किया गया. यात्रा का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील, वरिष्ठ पत्रकार अनन बेतावटकर, डॉ. हरीश दुबे और उप प्राचार्य विपिन चन्द्र वाडेकर एवं उप प्राचार्य आईजेक जेरी द्वारा बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ.

महात्मा गांधी के विचारों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से यह यात्रा महाविद्यालय के गाँधी अध्ययन केंद्र द्वारा हर वर्ष आयोजित की जाती है. इस यात्रा में महाविद्यालय के एन सी सी, एन एस एस एवं अन्य संकायों के छात्रों के साथ-साथ उर्दू नेशनल हाई स्कूल, सरस्वती विद्यालय सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के हजारों छात्रों एवं राष्ट्रीय सेवादल के सदस्यों ने भाग लिया. यात्रा के दौरान महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जी की मूतिर्यों से सजा शान्ति रथ और गांधी विचारों के कार्ड लिए छात्रों की लम्बी संख्या लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही थी.

बापू के प्रिय भजनों एवं उनके सिद्धांतों पर चलने की शपथ के साथ इस यात्रा का समापन महाविद्यालय में ही हुआ. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा युवा पीढी को बापू के सिद्धांतों को जीवन में अंगीकृत करने की बात कही गई. उनके अनुसार स्वच्छता बापू के विचारों की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है. गांधी अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. अर्चना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और डॉ कार्यक्रम के आयोजक डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय ने गांधी विचारों को आज के परिवेश के लिए अति प्रासंगिक बताते हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया.

यह आयोजन डॉ. धीरज शेखावत, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. नारायण तोटेवाड, डॉ. बृंदा निशानदार, श्री अनिल तिवारी, डॉ. सुवर्णा जाधव, डॉ. भरत बागुल, डॉ. मेघा देवले, डॉ. प्रकाश संसारे, डॉ. आनंद धर्माधिकारी, प्रा. गणेश कुमावत, श्री के. एच. डोंगरे, श्री किरण रायकर, प्रा. भूषण निकम और प्रा. ज्योति थोरात और

अवैध निर्माण को कौन दे रहा है बढ़ावा ?

हमारा महानगर
epaper.hamaramahanagar.net
03 Oct 2023 - Page 2

बिड़ला महाविद्यालय द्वारा शान्ति यात्रा का आयोजन

महानगर नेटवर्क

कल्याण

बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित गांधी अध्ययन केंद्र द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्मतिथि– अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर शान्ति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का प्रारंभ महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ.नरेश चन्द्र, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील, रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, उप प्राचार्य विपिन चन्द्र वाडेकर, उप प्राचार्या स्मिता गुप्ता एवं उप प्राचार्य आईजेक जेरी, अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, कोंकण प्रान्त के कार्याध्यक्ष प्रवीण देशमुख और राष्ट्रीय मंत्री डॉ. दिनेश प्रताप सिंह द्वारा बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ। महात्मा गांधी के विचारों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से यह यात्रा महाविद्यालय के गांधी अध्ययन केंद्र द्वारा हर वर्ष आयोजित की जाती है। इस यात्रा में महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस एवं अन्य संकायों के छात्रों के साथ-साथ उर्दू नेशनल हाई स्कूल, सेंचुरी विद्यालय, रेल चाइल्ड द्वारा संचालित सरस्वती मंदिर पूर्व प्राथमिक विद्यालय सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के हजारों छात्रों एवं राष्ट्रीय सेवादल और अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के सदस्यों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान छात्रों द्वारा रास्तों की सफाई भी की गई। बापू के प्रिय भजनों एवं उनके सिद्धांतों पर चलने की शपथ के साथ इस यात्रा का समापन महाविद्यालय में हुआ। डॉ.कार्यक्रम के आयोजक डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. बृंदा निशानदार, अनिल तिवारी, डॉ. धीरज शेखावत, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. नारायण तोटेवाड, डॉ. सुवर्णा जाधव, डॉ. भरत बागुल, डॉ. मेघा देवले, प्रा. प्रकाश संसारे, डॉ. आनंद धर्माधिकारी, प्रा. गणेश कुमावत, श्री के. एच. डोंगरे, किरण रायकर, प्रा. भूषण निकम और प्रा. ज्योति थोरात, दीपाली देशपांडे, तरुणा मदियान, दिव्या सिंह,अखिलेश, सूरज आदि प्राध्यापकों एवं सहयोगियों के अथक प्रयास से संपन्न हुआ।

आपका अपना अखबार....

हमारी रफ्तार

संपादक - शेख तनवीर अकबर मौहुद

104 दैनिक, अंबरनाथ, मंगलवार दि. 03/10/2023 पृष्ठ 4 मूल्य 2 रूपये RNI NO. MAHHIN/2014/56388 Post Reg.

बिडला महाविद्यालय द्वारा शान्ति यात्रा का आयोजन

संवाददाता, कल्याण. बी. के. बिडला महाविद्यालय, कल्याण के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित गाँधी अध्ययन केंद्र द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जन्मतिथि व अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर शान्ति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का प्रारंभ महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील, रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, उप प्राचार्य विपिन चन्द्र वाडेकर, उप प्राचार्या स्मिता गुप्ता एवं उप प्राचार्य आईजेक जेरी, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, कोंकण प्रान्त के कार्याध्यक्ष प्रवीण देशमुख और राष्ट्रीय मंत्री डॉ. दिनेश प्रताप सिंह द्वारा बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ था महात्मा गांधी के विचारों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से यह यात्रा महाविद्यालय के गाँधी अध्ययन केंद्र द्वारा हर वर्ष आयोजित की जाती है। इस यात्रा में महाविद्यालय के एन सी सी, एन एस एस एवं अन्य संकायों के छात्रों के साथ–साथ उर्दू नेशनल हाई स्कूल, सेंचुरी विद्यालय, रेल चाइल्ड द्वारा संचालित सरस्वती मंदिर पूर्व प्राथमिक विद्यालय सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के हजारों छात्रों एवं राष्ट्रीय सेवादल और अखिल भारतीय साहित्य परिषद

के सदस्यों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जी की मूर्तियों से सजा शान्ति रथ और गांधी विचारों के कार्ड लिए छात्रों की लम्बी संख्या लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। बापू के प्रिय भजनों एवं उनके सिद्धांतों पर चलने की शपथ के साथ इस यात्रा का समापन महाविद्यालय में हुआ। डॉ. कार्यक्रम के आयोजक डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. वृंदा निशानदार, अनिल तिवारी, डॉ. धीरज शेखावत, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. नारायण तोटेवाड, डॉ. सुवर्णा जाधव, डॉ. भरत बागुल, डॉ. मेधा देवले, प्रा. प्रकाश संसारे, डॉ. आनंद धर्माधिकारी, प्रा. गणेश कुमावत, श्री के. एच. डोंगरे, श्री किरण रायकर, प्रा. भूषण निकम और प्रा. ज्योति थोरात, दीपाली देशपांडे, तरुणा मदियान, दिव्या सिंह , अखिलेश, सूरज आदि प्राध्यापकों एवं सहयोगियों के अथक प्रयास से संपन्न हुआ।

संक्षिप्त समाचार

ट्रक ड्राइवर की पिटाई कर लूटपाट, मामला दर्ज

नाम का बदलाव कर युवकों की बेरहमी से पिटाई

फ्लैट बेचने के नाम पर पुलिस के साथ 32 लाख की ठगी

बिड़ला महाविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर शांति यात्रा का आयोजन

स्वच्छता ही सेवा अभियान से येऊर हिल्स को काच व प्लास्टिक से मिली मुक्ति

» बड़ी थैली में कचरा, काच, प्लास्टिक किया जमा इस अभियान में कई संस्था और नागरिक शामिल होकर येऊर हिल्स को काच, कचरा, प्लास्टिक से अंधार से किया मुक्त

नवी मुंबई के अनाधिकृत स्कूलों पर 15 करोड़ 54 लाख रुपये का जुर्माना

पनवेल में पांच दिनों के लिए मध्यरात्रि ट्रैफिक ब्लॉक

ठाणे में शख्स ने किया लड़की का उत्पीड़न, मामला दर्ज

लोकल ट्रेन रैक को स्वच्छता और गांधी थीम के साथ चित्रित किया गया

उल्हासनगर मनपा का गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा का आयोजन

फ्लिपकार्ट के विज्ञापन में देश के व्यापारियों को नीचा दिखाने के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश कानून के खिलाफ रोष का माहौल

प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों के अंश वाला 'कर्तव्य 2024' डायरी का उपमुख्यमंत्री फडणवीस के हाथों विमोचन

"14 मिनट मीरेकल" भारतीय रेल का वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में सफाई और हाउसकीपिंग का एक क्रांतिकारी बदलाव

भाजपा पर बरसे राउत, प्रधानमंत्री को सिर्फ भाजपा का नेता बना डाला

धोखाधड़ी के मामले गिरफ्तार व्यक्ति की मौत

बिड़ला महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा शिविर आयोजित

"योगी और महाराजाओं के राजनीति में आने से बर्बाद होने लगता है देश" : प्रणति शिंदे

भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर मेमोरियल रेलवे अस्पताल भायखला को सीएसआर पहल के तहत कंप्यूटर असिस्टेड नेविगेशन सिस्टम भेंट

आज का बजट
सोना (१० ग्राम) 52,480.00
चांदी (१ किलो) 57300.00
सेंसेक्स 56,409.96
निफ्ट 16,818.10

DPS दैनिक पहला समाचार
देश का सर्वश्रेष्ठ अखबार
संपादक : भास्कर तिवारी RNI No. MAHHIN/2010/34776 एक कदम निष्पक्षता की ओर
वर्ष : ११ अंक : १७९ मुंबई, गुरूवार २३ फरवरी २०२३ पृष्ठ : ६ मूल्य : ३

बिड़ला महाविद्यालय में बजट चर्चा एवं कॉमर्जेन्स फेस्टिवल संपन्न

महेश द्विवेदी

कल्याण। बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण द्वारा वाणिज्य के छात्रों के लिए कमर्जेंस एवं बजट पर सामान्य जनता के लिए चर्चा रखी गई। कमर्जेंस का आयोजन वाणिज्य की सामाजिक एवं आर्थिक भूमिका को केंद्र में रख कर किया गया था। वाणिज्य के छात्रों ने इसे एक उत्सव के रूप में मनाया।

इस अवसर पर नौकरी के अतिरिक्त उद्यमिता के क्षेत्र में वाणिज्य की महत्ता को दर्शाने के लिए छात्रों ने दर्जनों स्टॉल लगाये और दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं की बिक्री की। यह कार्यक्रम नई पीढी को स्वरोजगार एवं वाणिज्य के महत्त्व से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर वाणिज्य से जुड़े महत्त्वपूर्ण विषयों पर छात्रों द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये गये। छात्रों द्वारा नैतिक शिक्षा, क्रियात्मक शिक्षा, उद्यमिता विकास, संगठनात्मक कौशल, वाणिज्य के सामाजिक महत्त्व आदि विषयों पर चर्चा की गई। कुछ छात्रों ने मल्लखम्ब जैसे अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन सुबोध दवे, उपाध्यक्ष, प्रबंधन समिति, महाविद्यालय के निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र एवं प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

ज्ञातव्य हो कि बिड़ला महाविद्यालय द्वारा लम्बे समय से भारत सरकार के बजट के बाद सामान्य जनता के लिए बजट की उपयोगिता और उसकी विशेषताओं पर चर्चा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष के आयोजन में बजट पर चर्चा के लिए प्रमोद कुमार, आई आर एस (अवकाश प्राप्त), प्रिंसिपल कमिश्नर और सी ए शैलेश बंडी जैसे विद्वानों द्वारा बड़ी सरलता पूर्वक बजट की बारीकियों को स्पष्ट किया गया। इस अवसर पर सी. ए. सी. डी. फड़के, डॉ. हरीश दुबे, डॉ. अशोक प्रधान, एड. मनोहर पालन आदि गणमान्य उपस्थित थे।

यह आयोजन उपप्राचार्य डॉ. विपिन चंद वाडेकर, डॉ. अनुराधा हस्तक, डॉ. वृंदा निशानदार, प्रा. लक्षित सोनी, प्रा. भरत बागुल, प्रा. ज्योति तुपे सहित हुमायरा शेख, ऐश्वर्या पिसरोडी, आदित्य गोरक्षकर, रितिशा सिंह, श्रेया शर्मा, ओम सावंत और हर्षित तिवारी आदि छात्रों की अथक मेहनत से संपन्न हो सका। इस आयोजन में कल्याण के अन्य महाविद्यालयों के छात्रों की भी व्यापक उपस्थिति रही।

यशोभूमि

अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय रग्बी टूर्नामेंट 21 तक

कल्याण, बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण और मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तर

विश्वविद्यालयीन रग्बी टूर्नामेंट का आयोजन १२ अप्रैल से २१ अप्रैल तक किया गया है। इस टूर्नामेंट में भारत के अलग-अलग राज्यों के विविध विश्वविद्यालयों से एक हजार से अधिक महिला और पुरुष खिलाड़ियों की सहभागिता रहेगी। यह टूर्नामेंट रामलीला मैदान, शहाड में आयोजित किया गया है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन डॉ. विजय सूर्यवंशी, आयुक्त केडीएमसी, प्रो. आर. डी. कुलकर्णी, प्र. उपकुल गुरु, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई तथा डॉ. नरेश चन्द, निदेशक, बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण और राहुल बोस, प्रेसीडेंट, भारतीय रग्बी फुटबाल संघ आदि गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बी. के. बिड़ला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. विजय सूर्यवंशी ने खेल को जीवन का मुख्य अंग बताते हुए कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका को हर स्तर पर खेल का केंद्र बनाने की बात कही। इसके लिए उन्होंने कल्याण महानगर पालिका के विद्यालयों में भी रग्बी शुरू करने की बात कही। मुम्बई विश्वविद्यालय के प्र. उपकुल गुरु प्रो. आर. डी. कुलकर्णी ने खेल को एक मुख्य विषय के रूप में पढ़ाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही मुम्बई विश्वविद्यालय द्वारा एक विशेष खेल केंद्र प्रारंभ किया गया है।

Main Edition
Page No.2 April 15, 2022

यशोभूमि

रग्बी टूर्नामेंट का आयोजन संपन्न

कल्याण, बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण और मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालयीन रग्बी टूर्नामेंट का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में भारत के अलग-अलग राज्यों के चालीस विविध विश्वविद्यालयों से पांच सौ से अधिक पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। चार दिन तक चली इस पुरुष रग्बी प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुंबई विश्वविद्यालय के रग्बी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देते हुए चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली की टीम ने 15 खिलाड़ी वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन दोनों विश्वविद्यालयों का अंतिम खेल अत्यंत रोमांचक रहा, वहीं सात खिलाड़ी वर्ग की प्रतियोगिता में लवली प्रोफेशनल

विश्वविद्यालय, पंजाब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी खेल में कालीकट विश्वविद्यालय, केरल के जुझारू खिलाड़ियों को दूसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर मुम्बई विश्वविद्यालय मुम्बई के कुलगुरु प्रो. सुहास पेडनेकर ने खेल भावना को देश की समृद्धि के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए खेल को पढ़ाई का एक प्रमुख अंग बनाने की बात कही। आयोजन के अंत में प्रा. अनिल तिवारी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

Main Edition
Page No.2 April 24, 2022

आजका बजट
सोन (10 ग्राम) 52,704
चांदी (1 किलो) 69,900
सेंसेक्स 56,463
निफ्ट 16,958
युएसडी/भारतीय 76.500

दैनिक
देश का सर्वश्रेष्ठ अखबार DPS
पहला समाचार
संपादक : भास्कर ति. तिवारी RNI No. MAHHIN/2010/34776 एक कदम निष्पक्षता की ओर
बूंद बूंद बचाएंगे, अपना सुन्दर कल बनाएँगे
हरे-भरे पेड़ है जहा, धरती का स्वर्ग है वहा

वर्ष : 10 | अंक: 296 | मुंबई, शनिवार 23 अप्रैल 2022 | पृष्ठ: 6 | मूल्य: 3

आवश्यकता
सेंट्रल, वेस्टर्न, हर्बल लाइन के आलावा अन्य स्थानों के पांच वर्षों के अनुभवी संवाददाता व विज्ञापनदाता अपने बायोडाटा के साथ कार्यालय में दोपहर दो बजे से शाम आठ बजे के अंदर संपर्क करें।
-संपादक
दैनिक पहला समाचार
शाप नंबर- 01 लक्ष्मी निवास, अयधनाथ ठाकुर चाल, हेमु कॉलोनी, ईरानीवाड़ी रोड नं-4 कांदिवली (प.), मुंबई, 400067
फोन. 022 28610067
दैनिक पहला समाचार मिलता न हो तो कृपा करके पेपर के स्टॉल का नाम, पता और नंबर हमें निचे दिये गये व्हाटसपर पर बतायें।
+91 99307 37192

कल्याण में अखिल भारतीय रग्बी टूर्नामेंट आयोजित

कल्याण। अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीन पुरुष टूनार्मेंट के दोनों प्रथम पुरस्कार पंजाब के विश्वविद्यालयों ने झटके हैं। मुबई को दूसरा स्थान मिला। बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण और मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालयीन रग्बी टूनार्मेंट का आयोजन १२ अप्रेल से २१ अप्रेल, २०२२ तक किया गया था। इस टूनार्मेंट में भारत के अलग-अलग राज्यों के चालीस विविध विश्वविद्यालयों से पाँच सौ से अधिक पुरुष खिलाड़ियों की सहभागिता है। चार दिन तक चली इस पुरुष रग्बी प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुंबई विश्वविद्यालय के रग्बी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देते हुए चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली की टीम ने 15 खिलाड़ी वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन दोनों विश्वविद्यालयों की अंतिम खेल अत्यंत रोमांचक रही। वहीं सात खिलाड़ी वर्ग की प्रतियोगिता में लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय,पंजाब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी खेल में कालीकट विश्वविद्यालय, केरल के जुझारू खिलाड़ियों को दूसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। इस टूनार्मेंट के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. सुहास पेडनेकर, कुलगुरु, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई, डॉ. नरेश चन्द्र, शिक्षा निदेशक, बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण, सुबोध दवे, उपाध्यक्ष, प्रबंधन समिति, बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील, उप प्राचार्या, डॉ. स्वप्ना समेल, रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आयोजक डॉ. हरीश दुबे तथा प्रा. यागन्येश्वर बागराव आदि गणमान्यों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। खेल की समाप्ति के अवसर पर गणमान्य अतिथियों द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मान चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान किये गए । इस अवसर पर मुम्बई विश्वविद्यालय मुम्बई के कुलगुरु प्रो. सुहास पेडनेकर ने खेल भावना को देश की समृद्धि के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए खेल को पढाई का एक प्रमुख अंग बनाने की बात कही। डॉ. नरेश चन्द्र ने खिलाड़ियों के साहस की तारीफ करते हुए रग्बी में वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दी। आयोजन के अंत में प्रा. अनिल तिवारी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञातव्य हो कि बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण इस वर्ष (२०२१-२२) को अपनी स्थापना का स्वर्ण जयन्ती वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित इस टूनार्मेंट ने सभी छात्रों और प्राध्यापकों में एक नया उत्साह भर दिया है।

अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालयीन पुरुष रग्बी टूर्नामेंट
प्रथम पुरस्कार पंजाब, मुबई को मिला दूसरा स्थान

● **टीएमसी संवाददाता**

मुंबई, बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण और मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालयीन रग्बी टूर्नामेंट का आयोजन १२ अप्रेल से २१ अप्रैल, २०२२ तक किया गया था।

इस टूर्नामेंट में भारत के अलग-अलग राज्यों के चालीस विविध विश्वविद्यालयों से पाँच सौ से अधिक पुरुष खिलाड़ियों की सहभागिता है। चार दिन तक चली इस पुरुष रग्बी प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुंबई विश्वविद्यालय के रग्बी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देते हुए चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली की टीम ने 15 खिलाड़ी वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन दोनों विश्वविद्यालयों की अंतिम खेल अत्यंत रोमांचक रही। बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण इस वर्ष (२०२१-२२) को अपनी स्थापना का स्वर्ण जयन्ती वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित इस टूर्नामेंट ने सभी छात्रों और प्राध्यापकों में एक नया उत्साह भर दिया है।

अनन्या पांडे संडे को अपने अंदाज में एन्जॉय करती आई नजर — पेज 11

जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

मेंहदी हसन से हारा भारत — पेज 11

▸ वर्ष-19 ▸ अंक-130 मुंबई, सोमवार 5 दिसंबर 2022 ▸ मुंबई ▸ पृष्ठ 12 ▸ मूल्य

कल्याण : अंतर विश्वविद्यालयीन टेनिस टूर्नामेंट संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

कल्याण। बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण और मुंबई विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर विश्वविद्यालयीन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। ओलम्पिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पलावा, कल्याण में संपन्न इस आयोजन में पांच राज्यों महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा, राज स्थान सहित गुजरात के कुल अड़तीस विश्वविद्यालयों के दो सौ से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता रही। इस पांच दिवसीय टूर्नामेंट में गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद को प्रथम, रेनीसेन्स विश्वविद्यालय, इंदौर को द्वितीय और शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। टूर्नामेंट के उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में दत्तात्रय शिंदे, बिड़ला महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील डॉ. मोहन अमरूले आदि खेलप्रेमी विशेष रूप से उपस्थित थे। समापन के अवसर पर डॉ. दयानंद कुमार, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र ओलम्पिक असोसिएशन विशेष रूप से उपस्थित थे। देश के अलग-अलग राज्यों से सहभागी खिलाडियों के उत्साह और उनके जुझारूपन की तारीफ उपस्थित दर्शकों द्वारा मुक्त कंठ की गई। आयोजन डॉ. मोहन अमरूले, डॉ. हरीश दुबे, प्राचार्य, डॉ. वाई डी. बागराव अथक प्रयत्नों से संभव हो सका। इस आयोजन में डॉ. डी. के.

बराटे, डॉ. दत्ता क्षीर सागर, डॉ. अर्चना सिंह,जीतू सैनी, डॉ. विजय जाधव एवं डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय आदि प्राध्यापकों सहित भूमिका रही। ज्ञातव्य हो कि मुंबई विश्विद्यालय के साथ मिलकर बिड़ला महाविद्यालय द्वारा एक वर्ष में यह दूसरा बड़ा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। खेल समापन के अवसर पर डॉ. हरीश दुबे ने सभी आगंतुकों सहित खिलाड़ियों को सुविधा प्रदान करने वाले अरुण शेट्टी एवं चरण शेट्टी और स्वप्निल घोले के प्रति आभार व्यक्त किया।

बिड़ला महाविद्यालय एवं मुम्बई वि.वि. के संयुक्त तत्त्वावधान में टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन

सुजीत श्रीवास्तव.

कल्याण. बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण और मुंबई विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में अन्तरविश्वविद्यालयीन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया द्य ओलम्पिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पलावा, कल्याण में संपन्न इस आयोजन में पाँच राज्यों

महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा, राज स्थान सहित गुजरात के कुल अड़तीस विश्वविद्यालयों के दो सौ से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता रही द्य इस पाँच दिवसीय टूर्नामेंट में गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद को प्रथम, रेनीसेन्स विश्वविद्यालय, इंदौर को द्वितीय और शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ.

इस टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अडीशनल पुलिस कमिश्नर ठाणे दत्तात्रय शिंदे सहित

बाकी पेज 4 पर

सावित्रीबाई विवि के छात्रों को प्रथम स्थान

राष्ट्रीय महिला अंतर-विश्वविद्यालय टेनिस टूर्नामेंट

■ कल्याण, (सं). मुंबई विश्वविद्यालय मुंबई और बीके बिड़ला कॉलेज, कल्याण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय महिला अंतर-विश्वविद्यालय टेनिस टूर्नामेंट ओलंपिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पलावा-डोंबिवली में आयोजित किया गया. 5 राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी रही. इस प्रतियोगिता के उद्घाटन पर कल्याण डोंबिवली मनपा की आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं. मुख्य अतिथि का बिड़ला कॉलेज के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेशचंद्र द्वारा विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया.

एल. एन ग्वालियर की छात्राओं ने मारी बाजी

इस अवसर पर मुंबई विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. मोहन अमरुले, नाइट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, खेल निदेशक अनिल तिवारी, वाई. डी. बागराव एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे. तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में पुणे की सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रोचक मुकाबले के बाद पहला स्थान हासिल किया. दूसरी रैंक मुंबई यूनिवर्सिटी, मुंबई और तीसरी रैंक एल. एन. ग्वालियर की छात्राओं ने बाजी मारी. इस प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि बिरला कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुबोध दवे, डा. नरेश चंद्रा और डॉ. मोहन अमरूले की उपस्थिति में हुआ. इस कार्यक्रम का आयोजन तुषार लोंढे, जितेन्द्र शैनी, प्रो. गणेश कुमावत, डा. अभिजीत रावल, डॉ. दिनेश वनुले, डॉ. नारायण तोतेवाड, रेवती हंसवाडकर, निश्मिता राणा, जयवंत माने, आकांक्षा ठाकुर, सरोज अयंगर और अक्षय, वैभव आदि ने संभव बनाया.

RANE PRAKASHAN PRIVATE LIMITED
शब्दांना सत्याची धार
प्रहार

सावित्रीबाई फुले विद्यापीठाने पटकावला प्रथम क्रमांक

◆ कल्याण (वार्ताहर) :

मुंबई विद्यापीठ, मुंबई आणि बी. के. बिर्ला महाविद्यालय, कल्याण यांच्या संयुक्त विद्यमाने आयोजित राष्ट्रीय आंतरविद्यापीठ महिला टेनिस स्पर्धा ऑलिम्पिक क्रीडा संकुल, पलावा - डोंबिवली येथे नुकत्याच पार पडल्या. तीन दिवस चाललेल्या या स्पर्धेत पुणे येथील सावित्रीबाई फुले विद्यापीठाने प्रथम क्रमांक पटकावला. मुंबई विद्यापीठाने दुसरा, तर एल. एन. ग्वाल्हेरने तिसरा क्रमांक पटकावला.

स्पर्धेच्या उद्घाटनप्रसंगी प्रमुख पाहुणे म्हणून कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिकेच्या आयुक्त डॉ. इंदुराणी जाखड उपस्थित होत्या. यावेळी मुंबई विद्यापीठाचे क्रीडा संचालक डॉ. मोहन अमरुळे, नाईट कॉलेजचे प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, क्रीडा संचालक अनिल तिवारी, वाय. डी. बागराव आदींची उपस्थिती होती.

स्पर्धेचा पारितोषिक वितरण समारंभ प्रमुख पाहुणे बिर्ला कॉलेज व्यवस्थापन समिती उपाध्यक्ष सुबोध दवे, बिर्ला महाविद्यालयाचे शिक्षण संचालक डॉ. नरेशचंद्र आणि डॉ. मोहन अमरुळे यांच्या उपस्थितीत संपन्न झाला.

तुषार लोंढे, जितेंद्र शैनी, प्रा. गणेश कुमावत, डॉ. अभिजीत रावल, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. नारायण तोटेवाड, रेवती हुन्सवाडकर, निश्मिता राणा, जयवंत माने, आकांक्षा ठाकुर, सरोज अय्यंगार आणि अक्षय, वैभव आदींच्या परिश्रमामुळे स्पर्धा यशस्वीरित्या संपन्न झाली.

महाराष्ट्राच्या ग्रामीण व शहरी भागातील लोकप्रिय दैनिक

दैनिक ठाणे जीवनदीप वार्ता

कार्यकारी संपादक : श्री. विजय यादव jeevandeepvartanews2020@gmail.com मुख्य संपादक : श्री. रविंद्र पोडविंदे

शुक्रवार ❖ ०१ डिसेंबर २०२३ ❖ वर्ष ५ ❖ अंक - १५८ ❖ पाने - ८ RNI NO : MAHMAR/2016/72091 Postal Reg. No. THC/256/2022-2024

राष्ट्रीय महिला आंतरविद्यापीठ टेनिस स्पर्धेचा समारोप

सावित्रीबाई फुले विद्यापीठाला प्रथम क्रमांक

दै.ठाणे जीवनदीप वार्ता ☐ प्रतिनिधी

कल्याण : मुंबई विद्यापीठ, मुंबई आणि बी.के.बिर्ला महाविद्यालय, कल्याण यांच्या संयुक्त विद्यमाने आयोजित राष्ट्रीय महिला आंतरविद्यापीठ टेनिस स्पर्धेचा समारोप ऑलिम्पिक क्रीडा संकुल, पलावा - डोंबिवली येथे झाला. महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा या पाच राज्यांतील विविध विद्यापीठांतील विद्यार्थिनींचा विशेष सहभाग होता.

या स्पर्धेच्या उद्घाटनप्रसंगी प्रमुख पाहुणे म्हणून कल्याण डोंबिवली महानगरपालिकेच्या आयुक्त डॉ इंदुराणी जाखड उपस्थित होत्या. प्रमुख पाहुण्यांचे बिर्ला महाविद्यालयाचे शिक्षण संचालक डॉ.नरेशचंद्र यांच्या हस्ते विशेष स्वागत व सन्मान करण्यात आला. यावेळी मुंबई विद्यापीठाचे क्रीडा संचालक डॉ. मोहन अमरुळे, नाईट कॉलेजचे प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, क्रीडा संचालक अनिल तिवारी, वाय. डी. बागराव आदींची उपस्थिती होती.

तीन दिवस चाललेल्या या स्पर्धेतील रंजक स्पर्धेनंतर पुणे येथील सावित्रीबाई फुले विद्यापीठाच्या विद्यार्थ्यांनी प्रथम क्रमांक पटकावला. द्वितीय क्रमांक मुंबई विद्यापीठ, मुंबई आणि तृतीय क्रमांक एल. एन. ग्वाल्हेरच्या विद्यार्थिनींनी पटकावला. या स्पर्धेचा समारोप व पारितोषिक वितरण समारंभ प्रमुख पाहुणे बिर्ला कॉलेज व्यवस्थापन समिती उपाध्यक्ष सुबोध दवे, डॉ. नरेशचंद्र आणि डॉ. मोहन अमरुळे यांच्या उपस्थितीत संपन्न झाला.

या कार्यक्रमाचे आयोजन तुषार लोंढे, जितेंद्र शैनी, प्रा. गणेश कुमावत, डॉ. अभिजीत रावल, डॉ. दिनेश वानुले, डॉ. नारायण तोटेवाड, रेवती हुन्सवाडकर, निश्मिता राणा, जयवंत माने, आकांक्षा ठाकूर, सरोज अय्यंगार आणि अक्षय, वैभव आदींच्या अथक परिश्रमामुळे हे काम पूर्ण होऊ शकले.

दैनिक पहला समाचार
देश का सर्वश्रेष्ठ अखबार
संपादक : भास्कर तिवारी RNI No. MAHHIN/2010/34776

त्रिस्तरीय - त्रिभाषी निबंध प्रतियोगिता संपन्न

पहला समाचार

कल्याण, कल्याण स्थित बी. के. बिडला महाविद्यालय, कल्याण में अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, कोंकण प्रांत, कल्याण इकाई द्वारा आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कल्याण डोम्बीवली, भिवंडी, उल्हास नगर, मुरबाड एवं अम्बरनाथ के विद्यालय, कनिष्ठ विद्यालय और महाविद्यालयों के छात्रों के लिए हिन्दी, मराठी एवं अंग्रेजी भाषा में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में आठवीं से दसवीं कक्षाके छात्रों लिए 'भारतीय संस्कृति की पहचान : हमारे संयुक्त परिवार', ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों के लिए ' समाज को जोड़ने में भाषाओं की भूमिका' और स्नातक / स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए 'भारतीय साहित्य में मानव मूल्य' जैसे विषयों पर निबन्ध आमंत्रित किये गये थे। जिसमें 37 शिक्षण संस्थानों के कुल 571 छात्रों की सहभागिता रही। इस अवसर पर कुल 30 छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में बी. के. बिडला पब्लिक स्कूल, सेंचुरी रेयान हाई स्कूल, नूतन हिन्दी हाई स्कूल, केंट वैली इंटरनेशनल स्कूल, नेशनल उर्दू हाई स्कूल, केम्ब्रिया इंटरनेशनल स्कूल, लोक कल्याण पब्लिक स्कूल और चेतना इंग्लिश हाई स्कूल के विद्यार्थी प्रमुख थे। महाविद्यालय के स्तर पर बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, साकेत महाविद्यालय, अचिवर्स महाविद्यालय, बी. एन. पवार महाविद्यालय, अम्बरनाथ, एस. जी. कॉलेज, शिवले, आर. के. टी. कॉलेज, उल्हासनगर प्रमुख थे। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए और उनके मार्गदर्शक अध्यापकों तथा निर्णायकों को भी सम्मानित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीधर पराडकर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् उपस्थित थे।

जागरूक टाइम्स

त्रिस्तरीय-त्रिभाषी निबंध प्रतियोगिता संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

कल्याण। कल्याण स्थित बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण में अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, कोंकण प्रांत, कल्याण इकाई द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कल्याण डोंबीवली, भिवंडी, उल्हास नगर, मुरबाड एवं अंबरनाथ के विद्यालय, कनिष्ठ विद्यालय और महाविद्यालयों के छात्रों के लिए हिन्दी, मराठी एवं अंग्रेजी भाषा में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इसमें आठवीं से दसवीं कक्षाके छात्रों लिए 'भारतीय संस्कृति की पहचान : हमारे संयुक्त परिवार', ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों के लिए 'समाज को जोड़ने में भाषाओं की भूमिका' और स्नातक/ स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए 'भारतीय साहित्य में मानव मूल्य' जैसे विषयों पर निबन्ध आमंत्रित किए गए थे। 37 शिक्षण संस्थानों के कुल 571 छात्रों की सहभागिता रही। इस अवसर पर कुल 30 छात्रों को सम्मानित किया गया। जिनमें बी. के. बिडला पब्लिक स्कूल, सेंचुरी रेयान हाई स्कूल, नूतन हिन्दी हाई स्कूल, केंट वैली इंटरनेशनल स्कूल, नेशनल उर्दू हाई स्कूल, केंब्रिया इंटरनेशनल स्कूल, लोक कल्याण पब्लिक स्कूल और चेतना इंग्लिश हाई स्कूल के विद्यार्थी प्रमुख थे। महाविद्यालय के स्तर पर बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, साकेत महाविद्यालय, अचिवर्स महाविद्यालय, बी. एन. पवार महाविद्यालय, अंबरनाथ, एस. जी. कॉलेज, शिवले, आर. के. टी. कॉलेज, उल्हासनगर प्रमुख थे।

त्रिस्तरीय - त्रिभाषी निबंध प्रतियोगिता संपन्न

सुजीत श्रीवास्तव.

कल्याण. कल्याण–डोंबिवली , भिवंडी, उल्हास नगर, मुरबाड एवं अंबरनाथ के विद्यालय, कनिष्ठ विद्यालय और महाविद्यालयों के छात्रों के लिए हिन्दी, मराठी एवं अंग्रेजी भाषा में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था द्य इस आयोजन में आठवीं से दसवीं कक्षाके छात्रों लिए 'भारतीय संस्कृति की पहचान रू हमारे संयुक्त परिवार' , ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों के लिए ' समाज को जोड़ने में भाषाओं की भूमिका' और स्नातक के छात्रों के लिए 'भारतीय साहित्य में मानव मूल्य' जैसे विषयों पर निबन्ध आमंत्रित किये गये थे द्य जिसमें 37 शिक्षण संस्थानों के कुल 571 छात्रों की सहभागिता रही। जिसमें कुल 30 छात्रों को सम्मानित किया गया द्य इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीधर पराडकर , राष्ट्रीय संगठन मंत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् उपस्थित थे।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय जीवन मूल्यों को अपने जीवन में अंगीकृत करने की बात कही। नई पीढी को लेखन के प्रति जागरूक करते हुए स्वभाषा की महत्ता और संयुक्त परिवारों से सम्बद्ध स्वानुभूत अनेक उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

बी. के. बिड़ला रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और श्री संजय द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। सतीश केतकर ने सभी अतिथियों का सम्मान किया द्य अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, कल्याण इकाई के अध्यक्ष डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस आयोजन के अन्य सम्मानित अतिथि के रूप में श्रीमती यशोदा नाईक, प्रधानाध्यापिका, हॉली क्रॉस स्कूल, श्री अब्दुल्ला खान, प्रधानाध्यापक, उर्दू नेशनल हाई स्कूल एवं जूनियर कॉलेज, नवनाथ मुले, उप प्राचार्य, साकेत कॉलेज, श्री सुशील पाण्डेय, डॉ. मधु सुक्रे, अखिलेश, प्रिया, पूनम, प्रीती मिश्रा, चंद्रा बिष्ट, श्री जगत नारायण उपाध्याय और ललित आदि गणमान्य उपस्थित थे।

RNI No.-MAHHIN/2017/74173

दैनिक हिन्दी

मुम्बई

वर्ष : 06,
अंक : 110,
पृष्ठ : 6,
मूल्य : 2 रुपया

भारत संवाद

www.bharatsamvad.in

बुधवार
12 अक्टूबर 2022

मुम्बई और प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

सच है आधार

2 असंभव है मुलायम सिंह होना...

5 विकास खण्ड देवबन्द, साढौली कदीम...

6 रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए ...

बिड़ला महाविद्यालय में गाँधी विचारों पर कार्यशाला आयोजित

भारत संवाद संवाददाता

कल्याण। बी.के. बिड़ला महाविद्यालय के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित गाँधी अध्ययन केंद्र द्वारा 'व्यवहार में बापू' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया "इस आयोजन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महादेव विद्रोही, अध्यक्ष, सर्व सेवा संघ, साबरमती, अहमदाबाद एवं इन्दवी ताई तुलतुले, मुरबाड जैसे समाजसेवी उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अविनाश पाटील ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बापू के सिद्धांतों को आज के परिवेश में शान्ति की स्थापना के लिए आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि महादेव 'विद्रोही' ने स्वतंत्र भारत में आर्थिक विकास में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त किया और भौतिक संसाधनों के नियन्त्रण पर जोर दिया। पिछले चार दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में समर्पित भाव से जन सेवा कर रही इदवी तुलतुले

ने महात्मा गांधी के जीवन की सादगी, ईमानदारी और निडरता की चर्चा करते हुए इसे युवा पीढ़ी को अपनाने की सलाह दी। प्रो. हूबनाथ पाण्डेय ने जिन्दगी में बापू के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया।प्रेरणा ने धार्मिक एकता के सम्बन्ध में बापू के विचारों से छात्रों को अवगत कराया "प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राष्ट्रीय सेवा दल से सम्बद्ध अनूप कुमार पाण्डेय ने सत्य, अहिंसा और प्रेम को जीवन का आदर्श बताते हुए युवा वर्ग को गाँवों की तरफ जाकर गरीबों से मिलने और उनकी मदद करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ.उर्मिला सिंह और डॉ.प्रशांत देशपांडे आदि विद्वान सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।गाँधी अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. अर्चना सिंह ने केंद्र की वार्षिक गतिविधियों से सबको परिचित कराया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय ने इस कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया "समापन सत्र रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ "डॉ. दुबे ने गांधी के विचारों को हर युग के लिए प्रासंगिक बताया। इस कार्यशाला में बी. एम. रुइया महिला महाविद्यालय, ग्रांट रोड, एम.एम. पी. शाह महाविद्यालय, माटुंगा, के ई एस श्रोफ कॉलेज, कांदीवली, सोमैया कॉलेज, मुंबई आदि अनेक शिक्षण संस्थानों के छात्रों एवं प्राध्यापकों की विशेष सहभागिता रही।यह आयोजन डॉ. धीरज शेखावत, प्रा. अनिल तिवारी, डॉ. वृन्दा निशानदार, डॉ. नारायण तोटेवाड, डॉ. दिनेश वानुले और प्रा. गणेश कुमावत, अखिलेश जैसल आदि के अथक प्रयास से संपन्न हुआ।

@dainikpahla samachar | dainikpahlasamachar@Gmail.com | FB/dainikpahlasamachar | WWW.dainikpahlasamachar.com

आज का बजट
सोना (१० ग्राम) 50,620
चांदी (१ किलो) 56400.00
सेंसेक्स 56,409.96
निफ्टी 16,818.10

दैनिक पहला समाचार

DPS

देश का सर्वश्रेष्ठ अखबार

संपादक : भास्कर तिवारी

RNI No. MAHHIN/2010/34776

एक कदम निष्पक्षता की ओर

वर्ष : ११ | अंक : ७२ | मुंबई, बुधवार १२ अक्तूबर २०२२ | पृष्ठ : ६ | मूल्य : ३

बिड़ला महाविद्यालय में गाँधी विचारों पर कार्यशाला आयोजित

कल्याण। कल्याण स्थित बी.के. बिड़ला महाविद्यालय के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित गाँधी अध्ययन केंद्र द्वारा 'व्यवहार में बापू' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री महादेव विद्रोही, अध्यक्ष, सर्व सेवा संघ, साबरमती, अहमदाबाद एवं सुश्री इन्दवी ताई तुलतुले, मुरबाड जैसे समाजसेवी उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बापू के सिद्धांतों को आज के परिवेश में शान्ति की स्थापना के लिए आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि महादेव 'विद्रोही' ने स्वतंत्र भारत में आर्थिक विकास

में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त किया और भौतिक संसाधनों के नियन्त्रण पर जोर दिया। पिछले चार दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में समर्पित भाव से जन सेवा कर रहीं सुश्री इदवी तुलतुले ने महात्मा गांधी के जीवन की सादगी, ईमानदारी और निडरता की चर्चा करते हुए इसे युवा पीढ़ी को अपनाने की सलाह दी। प्रो. हूबनाथ पाण्डेय ने जिन्दगी में बापू के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया। सुश्री प्रेरणा ने धार्मिक एकता के सम्बन्ध में बापू के विचारों से छात्रों को अवगत कराया। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राष्ट्रीय सेवादल से सम्बद्ध अनूप कुमार पाण्डेय ने सत्य, अहिंसा और प्रेम को जीवन का आदर्श बताते हुए युवा वर्ग को गाँवों की तरफ जाकर गरीबों से मिलने और उनकी मदद करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ.उर्मिला सिंह और डॉ.प्रशांत देशपांडे आदि विद्वान सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

गाँधी अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. अर्चना सिंह ने केंद्र की वार्षिक गतिविधियों से सबको परिचित कराया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय ने इस कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।समापन सत्र रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डॉ. दुबे ने गांधी के विचारों को हर युग के लिए प्रासंगिक बताया। इस कार्यशाला में बी.एम.रुइया महिला महाविद्यालय, ग्रांट रोड, एम.एम. पी. शाह महाविद्यालय, माटुंगा, के ई एस श्रोफ कॉलेज, कांदीवली, सोमैया कॉलेज, मुंबई आदि अनेक शिक्षण संस्थानों के छात्रों एवं प्राध्यापकों की विशेष सहभागिता रही।

भारत संवाद
...क्रांतिबीज
मुंबई और प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
www.bharatsamvad.in

बिड़ला महाविद्यालय में रक्तदान शिविर संपन्न

महेश द्विवेदी

कल्याण,कल्याण बी.के बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के एन सी सी तथा एन एस एस यूनिट और ब्लड बैंक नायर हास्पीटल, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया लोगों की जीवन रक्षा के प्रति युवा पीढी को जागरूक करते हुए और रक्तदान के महत्त्व से सामान्य जन को अवगत कराने के लिए इस रक्तदान किया गया था।महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए रक्तदान को श्रेष्ठ दान बताया।प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील के प्रयतनें से आयोजित इस शिविर में कुल 127 छात्रों ने रक्तदान किया। रक्तदान हेतु छात्रों को प्रेरित करने का विशेष कार्य रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य और एन. सी सी अधिकारी, श्यामसुंदर पांडेय ,डॉ. हरीश दुबे, ले. डॉ. के. एच. नागरे, कैप्टन डॉ. सुवर्ण जाधव, ले. प्रकाश संसारे, डॉ. भारत बागुल के साथ- साथ एन एस एस अधिकारी डॉ. सन्देश जायभाय, डॉ. सोनाली पाटील, और डॉ. मेघा देवले जैसे प्राध्यापकों ने किया। इस आयोजन में महाविद्यालय के लगभग सभी संकायों के छात्रों की व्यापक सहभागिता रही मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में नायर अस्पताल के कर्मचारियों एवं चिकित्सकों की भूमिका रही। ज्ञातव्य हो कि बिड़ला महाविद्यालय का एन सी सी यूनिट महाराष्ट्र का एक प्रमिख यूनिट है और ऐसे आयोजन यहाँ सदैव होते रहते हैं। कार्यक्रम सफलतम रहा।

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया पर दर्ज की तीसरी सबसे बड़ी टेस्ट जीत

पेज 11

जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▸ वर्ष-19 ▸ अंक-198 मुंबई, रविवार 12 फरवरी 2023 ▸ मुंबई ▸ पृष्ठ 12 ▸ मूल्य ₹4

श्रीदेवी के 'चांदनी लुक' की याद दिलाएंगी आलिया भट्ट

पेज 11

बिड़ला महाविद्यालय में 'शिव रायांगण' प्रदर्शनी का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

कल्याण। कल्याण स्थित बी. के. बिड़ला महाविद्यालय में शिवाजी महाराज युगीन एवं पेशवा युगीन परिवेश से लोगों को अवगत कराने के लिए 'शिव रायांगण' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में इतिहास विभाग के छात्रों द्वारा उक्त दोनों कालों के पोशाक, खाद्य पदार्थ, हाथियार और तत्कालीन शासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का परिचय कराने वाले तमाम उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी में लगे चित्रों और मूर्तियों को देख कर इतिहास वर्णित वातावरण स्वतः उपस्थित हो रहा था। इस प्रदर्शनी में शिवाजी के 'अष्ट प्रधान मंडल' से संबंधित प्रदर्शनी लोगों को विशेष आकर्षित कर रही थी। शिवाजी और पेशवा काल के जीवन की तमाम घटनाओं का परिचय कराती यह प्रदर्शनी अपने समय का यथार्थ प्रस्तुत कर रही थी। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र, सुबोध दवे और डॉ. अविनाश पाटील की उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ. सुवर्णा जाधव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

@dainikpahla samachar | dailnikpahlasamachar@gmail.com | FB/dainikpahlasamachar | www.dainikpahlasamachar.com
RNI No. MAHHIN/2010/34776

आज का भाव

DPS दैनिक पहला समाचार
देश का सर्वश्रेष्ठ अखबार
संपादक : भास्कर तिवारी
एक कदम निष्पक्षता की ओर

वर्ष : ११ | अंक : २११ | मुंबई, बुधवार दि. २१ जून २०२३ | पृष्ठ : ४ | मूल्य : ३

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की मासिक बैठक एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

महेश द्विवेदी

कल्याण। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् (कल्याण इकाई) द्वारा काव्यगोष्ठी एवं मासिक बैठक का आयोजन किया गया। दो सत्रों में विभाजित इस कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रार्थना के साथ हुआ। प्रथम सत्र में डॉ. प्रकाश

पाटील ने अंगरेजी के प्रसिद्ध विद्वान सेक्सपियर और मराठी संत परम्परा के शिरोमणि संत तुकाराम के साहित्य एवं जीवन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने दोनों रचनाकारों के जीवन से सम्बद्ध अनेक नये पक्षों को उद्धृत किया और दोनों रचनकारों को समाज का पथ प्रदर्शक बताया। उनके अनुसार इन दोनों महापुरुषों के साहित्य की प्रासंगिकता युगों-युगों तक बनी रहेगी। दूसरे सत्र में आठ कवियों द्वारा काव्यपाठ किया गया। सौ. संजीवनी जगताप, सौ. दया धोंगे, अरविन्द बुधकर, संजय द्विवेदी, रामस्वरूप साहू, रमेश आदगड, व्यंग्यकार सत्यदेव विजय और सौ. प्राजक्ता कुलकर्णी द्वारा विविध विषयों पर कविताओं एवं गीतों की मार्मिक प्रस्तुति की गई। कुछ कवियों ने मौसम को ध्यान में रखते हुए बरसात को केंद्र में रखकर अपनी कवितायें प्रस्तुत कीं तो कुछ कविताओं के केंद्र में वर्तमान की राजनीति और राजनेता रहे। अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, कल्याण इकाई के अध्यक्ष डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया और सचिव सौ. प्राजक्ता कुलकर्णी ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। कार्यक्रम के बाद सदस्यों की बैठक हुई जिसमने इस वर्ष आयोजित होने वाले भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया।

जागरूक टाइम्स
www.jagruktimes.co.in
मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
वर्ष-19 ▸ अंक-326 ▸ मुंबई, बुधवार 21 जून 2023 ▸ मुंबई ▸ पृष्ठ 12 ▸ मूल्य ₹4

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की मासिक बैठक एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

समाज के पथ प्रदर्शक संत तुकाराम और शेक्सपियर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

